भारत भवन में ‘संस्कृति और प्रकृति’ समारोह का शुभारंभ

drishtiias.com/hindi/printpdf/culture-and-nature-function-inaugurated-at-bharat-bhavan

चर्चा में क्यों?

11 नवंबर, 2021 को प्रमुख सचिव, संस्कृति और पर्यटन एवं भारत भवन के न्यासी सचिव शिव शेखर शुक्ला तथा प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत गायिका कौशिकी चक्रबर्ती ने दीप प्रज्ज्वलित कर आठदिवसीय समारोह ‘संस्कृति और प्रकृति’ का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- सचिव शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि मानव सभ्यता की वाहक भारतीय संस्कृति सदैव प्रकृति के साथ सामंजस्य और सह-अस्तित्व की संस्कृति रही है। कोविड-19 के संकटकालीन समय मे इसकी प्रासंगिकता अधिक बढ़ी है। इसे ध्यान में रखकर प्रकृति और संस्कृति के अंतरसंबंधों पर आधारित यह सांस्कृतिक समारोह आयोजित किया गया है।
- भारत भवन में समारोह के पहले दिन संयोजक प्रवीण शेवलीकर और साथियों ने वायलिन सप्तक की संगीतमय प्रस्तुति दी। इसके बाद शास्त्रीय संगीत गायिका कौशिकी चक्रबर्ती ने क्लासिकल गायकी से समा बांध दिया। हारमोनियम, वीणा और तबला की थाप पर ख्याल और ठुमरी गायन का उत्कृष्ट नमूना पेश किया।
- भारत भवन द्वारा पहली बार समारोह का लाइव प्रसारण किया जा रहा है। संगीत और कला प्रेमी भारत भवन के यूट्यूब पेज और फेसबुक पेज पर आयोजन का लुत्फ उठा सकते हैं।
- समारोह के दौरान परंपरागत चित्रांकन शिविर और जनजातीय चित्र कृतियों की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी में 24 कलाकारों की 28 पेंटिंग्स लगाई गई हैं। यह प्रदर्शनी 21 नवंबर तक दर्शकों के लिये खुली रहेगी।